press note
ida
# इन्दौर विकास प्राधिकरण
# INDORE DEVELOPMENT AUTHORITY

दिनांक 23.07.2025

## // प्रेस नोट //

इन्दौर विकास प्राधिकरण संचालक मण्डल की बैठक आज दिनांक 23.07.2025 को श्री दीपक सिंह, संभागायुक्त सह अध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में श्री आशीष सिंह, कलेक्टर, श्री शिवम वर्मा, आयुक्त, नगर पालिक निगम, श्री कामेश श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता, म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं., श्री सुनील कुमार उदिया, अधीक्षण यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, श्री शुभाशीष बेनर्जी, संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश विभाग, श्री अंकित सोलंकी (प्रतिनिधि), एस.डी.ओ, वन मंडलाधिकारी, श्री एम.एस. रावत, अधीक्षण यंत्री (प्रतिनिधि), लोक निर्माण विभाग, इन्दौर एवं श्री आर.पी. अहिरवार, मुख्य कार्यपालिक अधिकारी, इ.वि.प्रा. (सदस्य सचिव) उपस्थित थे।

- संचालक मण्डल द्वारा इंदौर में कान्ह और सरस्वती नदी के रिवरफ्रंट का विकास हेतु डी.पी.आर. अनुसार राशि रू. 510.00 करोड़ का प्रस्ताव राज्य शासन को "अर्बन चैलेंज फण्ड" के अंतर्गत प्राप्त किये जाने हेतु प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया।

- एक अन्य निर्णय में संचालक मण्डल द्वारा इन्दौर शहर में अन्नपूर्णा रोड़ स्थित दशहरा मैदान के पास डिपाजिट मद में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स के निर्माण कार्य हेतु, कार्य करने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

- अन्य निर्णय में संचालक मण्डल द्वारा योजना क्रमांक 94 रिंगरोड़ सेक्टर–एफ पर स्वीमिंग पुल के बगल में राशि रू. 3.00 करोड़ से से ओपन डोअर स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का निर्माण एवं संचालन हेतु राष्ट्रीय स्तर के कोच के साथ एजेन्सी की नियुक्ति किये जाने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि इस हेतु 11 निविदाऐं प्राप्त हुई थी।

- संचालक मण्डल द्वारा शासकीय श्री देवी अहिल्या केंद्रीय पुस्तकालय परिसर में गैर योजना मद के अंतर्गत राशि रू. 3.50 करोड़ से दिव्यांगो हेतु "सुगम्य पुस्तकालय" का निर्माण किये जाने का निर्णय लिया गया। इसकी योजना बनाने हेतु

—2

7, रेसकोर्स रोड़, इन्दौर – 452003 - 7,Race Course Road, Indore - 452003
☎ 0731-2434541, Fax no. 0731-2430553, Email : idaindore7@yahoo.in, Website: www.idaindore.org

Scanned with CamScanner

प्राधिकारी की सूची में पूर्व से चयनित सलाहकारों में से चयन किये जाने का निर्णय लिया गया।

- एक अन्य निर्णय में संचालक मण्डल द्वारा प्राधिकारी की योजना क्रमांक 151, 169–बी सुपर कॉरीडोर सेक्टर 'डी' के भूखण्ड क्रमांक 15 पर PPP मोड पर कमर्शियल कॉम्पलेक्स के निर्माण हेतु राशि रू. 87.00 करोड़ की लागत से बनाये जाने हेतु निर्णय लिया गया। इस हेतु अनुमति बाबद प्रस्ताव राज्य शासन की ओर प्रेषित किया जावेंगे।

- संचालक मण्डल द्वारा प्राधिकारी की नगर विकास योजना TPS-4 पर स्थित भूखण्ड क्रमांक FP-45 क्षेत्रफल 11935 वर्गमीटर एवं TPS-5 पर स्थित भूखण्ड क्र. FP-104 क्षेत्रफल 12180 वर्गमीटर पर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत आवासगृह निर्माण किये जाने का निर्णय लिया गया।

- संचालक मण्डल द्वारा योजना क्रमांक 151 एवं 169–बी के सेक्टर–बी में रिकरियेशन उपयोग (स्टेडियम) के भूखण्ड पर मल्टीपरपज स्टेडियम बनवाने के लिए Consultant cum Transaction Advisor नियुक्त करने की निविदा की मुख्य शर्तो के अनुमोदन किया गया।

- संचालक मण्डल द्वारा नगर तथा ग्राम निवेश (संशोधन) अधिनियम 2019 के परिप्रेक्ष्य में प्राधिकारी की नवीन नगर विकास योजना क्र. TPS-11, TPS-12 एवं TPS-13 में प्रस्तावित किये जाने हेतु भू–उपयोग– आवासीय, थोक वाणिज्यिक (मंडी) एवं मार्ग उपयोग के अंतर्गत के संबंध में किये जाने हेतु विचार किया गया। इस बाबद प्रस्ताव बनाकर आगामी संचालक मंडल की बैठक में प्रस्तुत किया जा सकेगा।

- संचालक मण्डल द्वारा गणेश विसर्जन चल समारोह–2025 (अनंत चतुर्दशी) पर झांकी निर्माण एवं प्रदर्शन हेतु राशि रू. 10.00 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई।

प्रति,

संपादक महोदय,
दैनिक ................................,
इन्दौर

कृपया उपरोक्त प्रेस–नोट आपके लोकप्रिय समाचार पत्र में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

जनसम्पर्क अधिकारी,
इन्दौर विकास प्राधिकरण, इन्दौर

Scanned with CamScanner